# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष: 0141-2715538/2715539 E-mail: modelschoolest@gmail.com


क्रमांक : रा.स्कूल.शि.प. / जय / मॉडल स्कूल / संस्थापन / प्राईमरी प्रवेश नीति / 75105–III / दिनांक :As per Rajkaj दिनांक 2-07-202
RajKaj Ref 8576407

## स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं के संचालन एवं प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश सत्र 2024–25

**मॉडल विद्यालयों में प्राईमरी कक्षाओं (कक्षा–01 से 05 तक) के संचालन**, पदों के सृजन एवं गतिविधियों हेतु **वित्त विभाग की आई.डी. संख्या–152401048 दिनांक 20.06.2024** द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है।

राज्य में संचालित 134 मॉडल विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा 01 से 05 तक) का वर्तमान सत्र 2024–25 से संचालन किया जाना है। मॉडल विद्यालयों में वर्तमान में संचालित कक्षा–06 से 08, कक्षा–09 एवं कक्षा–11 की प्रवेश नीति **(संलग्न)** राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित है।

प्राईमरी कक्षा–01 से 05 के प्रवेश हेतु राज्य सरकार द्वारा **पूर्व में (कक्षा–06 से 08) जारी प्रवेश नीति** अनुसार ही स्वामी विवेकानन्द मॉडल विद्यालयों में प्राथमिक कक्षाओं के संचालन एवं प्रवेश हेतु दिशा–निर्देश निम्नानुसार है :–

1. **प्रवेश समिति** – प्रवेश समिति का संगठनात्मक स्वरूप निम्न प्रकार से प्रस्तावित है :–
   - प्रधानाचार्य, सम्बन्धित मॉडल स्कूल – अध्यक्ष
   - प्रतिनिधि, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी – सदस्य
   - एसएमसी का अध्यक्ष अथवा अभिभावकों में से एक (अध्यक्ष द्वारा नामित)– सदस्य
   - प्रभारी हैड टीचर – सदस्य सचिव
2. मॉडल विद्यालयों में कक्षा–01 से 05 तक प्रति कक्षा **40 विद्यार्थियों** के प्रवेश की अधिकतम सीमा निर्धारित है।
3. मॉडल विद्यालयों में कक्षा–01 में प्रवेश आयु **06 वर्ष** या उससे अधिक परन्तु 07 वर्ष से कम (उक्त आयु की गणना 31 जुलाई, 2024 को आधार मानकर की जायेगी)। कार्यालय निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के आदेश क्रमांक–शिविरा / प्रारं / आरटीई / सी / 18878 / आरटीई / दिशा–निर्देश / 2023–24 दिनांक 01.04.2024 **(संलग्न)**।
4. वर्तमान सत्र 2024–25 में मॉडल विद्यालयों के समस्त प्राथमिक कक्षाओं (कक्षा–01 से 05 तक) में शत–प्रतिशत सीटों पर नवीन प्रवेश दिये जायेंगे। तथा आगामी सत्र से कक्षा–01 में शत–प्रतिशत नवीन प्रवेश होंगे एवं कक्षा–02 से 05 में पूर्व में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अतिरिक्त शेष रिक्त सीटों पर भी निर्धारित प्राथमिकताओं के अनुसार ही प्रवेश दिया जावे।

### प्रवेश प्रक्रिया

- राज्य में संचालित स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूलों के सत्र 2024–25 में कक्षा 01 से 05 में रिक्त सीटों (प्रति कक्षा–40 विद्यार्थी) के विरूद्ध प्रवेश हेतु राजस्थान सरकार द्वारा जारी संदर्भित प्रवेश नीति अनुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जानी है। इस हेतु राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के स्तर से निम्नानुसार कलैण्डर निर्धारित किया जाता है :–



RajKaj Ref
8576407

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.07.02 18:21:14 IST
Reason: Approved

**कक्षा–01 से 05 के विद्यार्थियों हेतु प्रवेश प्रक्रिया कैलेण्डर**

| क्र.सं. | प्रवेश प्रक्रिया संबंधी कार्य | तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1 | समाचार पत्रों/इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से विज्ञप्ति जारी किया जाना एवं प्रवेश हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार। | 05.07.2024 तक |
| 2 | प्रवेश हेतु आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया पूर्ण करना | 05.07.2024 से 12.07.2024 |
| 3 | आवेदकों की सूची का निर्धारण | 15.07.2024 |
| 4 | निर्धारित सीटों से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी निकाली जावेगी। | 16.07.2024 |
| 5 | लॉटरी में चयनित आवेदकों से प्रवेश फार्म भरवाया जाना | 19.07.2024 |
| 6 | कक्षा 01–05 का संचालन प्रारम्भ किया जाना | 22.07.2024 |

**संलग्नः–उपरोक्तानुसार।**

**(अविचल चतुर्वेदी)**
**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री शिक्षा (विद्यालय/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सहायक, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सहायक, राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सहायक, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
5. निजी सहायक, निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम/द्वितीय, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–1) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
8. वित्तीय सलाहकार, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
9. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त सम्बन्धित जिले।
10. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, समस्त सम्बन्धित जिले।
11. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित ब्लॉक।
12. संस्था प्रधान, स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय, सम्बन्धित ब्लॉक।
13. रक्षित पत्रावली।

**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**



**RajKaj Ref 8576407**

Signature valid
Digitally signed by Avichal Chaturvedi
Designation : State Project Director
Date: 2024.07.02 18:21:14 IST
Reason: Approved